दिनांक–16.06.2024 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- 18 जून को पीएम किसान सम्मान निधि के 9 करोड़ तीन लाख किसानों के खातों में 20 हजार करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे।
- ग्वालियर में 210 करोड़ रुपये की लागत के अत्याधुनिक क्रिकेट स्टेडियम का लोकार्पण ।
- जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी जिलों में जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के प्रयास जारी, लोगों को भी किया जा रहा जागरूक।
- कैदियों के पुनर्वास की दिशा में नई पहल, उज्जैन में किया गया खुली जेल का निर्माण।

**कृषि-शिवराज**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार 18 जून को वाराणसी से **पीएम-किसान सम्मान निधि योजना** के अंतर्गत नौ करोड़ तीन लाख किसानों के खाते में लगभग 20 हजार करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। ग्रामीण विकास, कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। श्री चौहान ने कहा है कि पिछले दस वर्ष में 11 करोड़ किसानों के खातों में तीन लाख करोड़ रुपये अंतरित किए जा चुके हैं।

कृषि मंत्री ने कहा कि वे किसान कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नई सरकार की सौ दिन की योजना के अंतर्गत मंत्रालय की कार्ययोजना की समीक्षा की गई है। श्री चौहान ने कहा कि वे सभी समस्याओं को गम्भीरता से ले रहे हैं और आवश्यक होने पर योजना के नियमों में बदलाव भी किये जायेंगे।

**ग्वालियरस्टेडियम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्वालियर में मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 210 करोड़ रूपए की लागत से 20 हजार दर्शक क्षमता वाला अत्याधुनिक स्टेडियम का निर्माण पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत स्व. माधवराव सिंधिया के नाम किया है। उन्होंने कहा कि यह स्टेडियम न केवल ग्वालियर, प्रदेश व देश में भी अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा।

मुख्यमंत्री ने कल ग्वालियर में नवनिर्मित स्टेडियम के लोकार्पण एवं एमपीएल-2024 मध्यप्रदेश लीग- सिंधिया कप के शुभारंभ अवसर पर यह बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने की। इस दौरान श्री सिंधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन देश का पहला ऐसा एसोसिएशन है जिसके ग्वालियर शहर में दो स्टेडियम हैं। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में आने वाले दिनों में हम सभी के सहयोग से 50 हजार क्षमता वाला एक अत्याधुनिक स्टेडियम का निर्माण भी करेंगे। केन्द्रीय मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने शहर के ऐतिहासिक सागरताल में श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक के जरिए किया लगभग 179 करोड़ लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन लोकार्पण भी किया।

**केंद्रीयमंत्री**

केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल प्रदेश के 6 मंत्रियों का आज भोपाल स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में अभिनंदन किया जाएगा। अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री व वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। पार्टी के प्रदेश महामंत्री और विधायक भगवानदास सबनानी ने बताया है कि सभी 6 केंद्रीय मंत्रियों शिवराज सिंह चौहान, डॉ. वीरेन्द्र कुमार, ज्योतिरादित्य सिंधिया, एल. मुरूगन, दुर्गादास उईके और सावित्री ठाकुर का पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा अभिनंदन किया जाएगा। वहीं केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार भोपाल आ रहे शिवराज सिंह चौहान का भोपाल में 65 से अधिक जगह भाजपा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों, कर्मचारी संगठनों द्वारा स्वागत किया जाएगा। श्री चौहान का भोपाल रेलवे स्टेशन से प्रदेश भाजपा कार्यालय तक जगह-जगह स्वागत की तैयारी की गई है।

**अमरवाड़ा-उपचुनाव**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा में उपचुनाव के लिए 14 जून से नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने के दूसरे दिन कल एक अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। 16 और 17 जून को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण नाम निर्देशन पत्र नहीं जमा किये जायेंगे। श्री राजन ने बताया है कि नाम निर्देशन पत्र भरने की अंतिम तारीख 21 जून है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 24 जून को की जायेगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 26 जून है। मतदान 10 जुलाई को होगा। मतगणना

13 जुलाई को होगी।

**जल गंगा संवर्धन**

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नदियों के उद्‌गम स्थल की यात्रा कर रहे पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल कल तीन नदियों के उद्‌गम स्थल पहुँचे। श्री पटेल ने सिवनी ज़िले की ग्राम पंचायत शाखादेही स्थित बावनथडी नदी, बालाघाट ज़िले के कटंगी जनपद में अम्मा माई स्थित चंदन नदी और वारासिवनी में कास नदी के उद्‌गम स्थल पर पहुंचकर वृक्षारोपण, पूजन और जनसंवाद किया। इस दौरान श्री पटेल ने कहा कि नदियों के सूखे उद्‌गमों के बीच बावनथड़ी के उद्‌गम स्थान पर स्त्रोत से बहती जलधारा आनंदित और आशान्वित करने वाली थी। खंडवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि अभियान के तहत जिले कि  ग्राम पंचायत मूंदवाड़ा, मोहद एवं गोंडवाड़ी में स्टॉपडेम के जीर्णोद्‌धार का कार्य किया गया है। उधर आगरमालवा जिले की ग्राम पंचायत हड़ाई में तालाब जीर्णोधार कार्य में विधायक मधु गहलोत, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने कल श्रमदान किया।

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मंदसौर नगर पालिका परिषद के द्‌वारा कल संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें देवास के डॉ. सुनील चतुर्वेदी ने जल संवर्धन विषय पर संबोधन दिया। रायसेन और सागर जिले में भी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनसहयोग से जल संरचनाओं और जल स्त्रोतों का जीर्णोद्‌धार हो रहा है।

**खुली जेल**

प्रदेश में सरकार ने बंदियों के पुनर्वास की दिशा में नई पहल करते हुए खुली जेल का निर्माण किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल उज्जैन में इस खुली जेल कॉलोनी भैरवगढ़ का लोकार्पण किया।

*।        खुली जेल का तात्पर्य ऐसी जेल से है जहां बंदी अपने परिवार सहित निवास कर सकेंगे। भैरवगढ़ खुली जेल में 20 दण्डित बंदी अपने परिवार के साथ रहकर और समाज की मुख्य धारा से जुड़कर सामाजिक जीवन यापन कर सकेंगे। उज्जैन की भैरवगढ़ खुली जेल 3 करोड़ 25 लाख रुपए में बनकर तैयार हुई है। यह प्रदेश की आठवी खुली जेल है।  इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश की जेलों में कैदियों को संपूर्ण मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शासन कृत संकल्पित है।*

*संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार, भोपाल*

**ट्वेंटी-20 क्रिकेट विश्व कप**

आईसीसी ट्वेंटी-20 क्रिकेट विश्व कप में, ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला स्कॉटलैंड से हो रहा है। मैच भारतीय समय के अनुसार सबुह 6 से शुरू हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने रन...... बनाए।

आज दूसरा मुकाबला रात 8 बजे से पाकिस्तान और आयरलैंड के बीच होगा। प्रतियोगिता में कल भारत और कनाडा के बीच मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया। वहीं एक और मैच में इंग्लैंड ने डकवर्थ-लुईस नियम के अंतर्गत नामीबिया को 41 रन से हरा दिया। इंग्लैंड के 126 रन के जवाब में, नामीबिया की टीम 84 रन ही बना सकी।

---